# कार्यालयः स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर उ0प्र0 228001

Email- asnmc2023@gmail.com Website:www.asnmcsultanpur.in

पत्रांकः ए0एस0एम0सी0 / सुल्तानपुर / 2024 / 1191 दिनांकः–29 / 10 / 2024

## सेवायोजन विज्ञप्ति

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर में नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन) के पदों पर नियुक्ति किये जाने हेतु दिनांकः 08 / 11 / 2024 से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से 02:00 बजे तक साक्षात्कार (वाक–इन–इन्टरव्यू) आयेजित किया जायेगा, इच्छुक अभ्यर्थी रिक्त पदों पर साक्षात्कार को (वॉक–इन–इन्टरव्यू) हेतु अपने समस्त प्रमाण पत्रों की 01 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो फोटो तथा सुसंगत अभिलेखों सहित समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें:–

नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन):–

| क्र0सं0 | पदों की संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|
| 01 | 02 | सामान्य |
| 02 | 01 | ओ0बी0सी0 |

साक्षात्कार स्थानः कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, दूबेपुर सुल्तानपुर (उ0प्र0)।

नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन) के पदों के लिये अर्हताएं एवं शर्तेः–

1. नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन) के पदों पर चयन हेतु पात्रता का निर्धारण एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सकीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री–मास्टर्स इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन तथा एन0एम0सी0 मानकों के आधार पर किया जायेगा।
2. आवेदक को मेडिकल काउन्सिल ऑफ इण्डिया / उ0प्र0 स्टेट मेडिकल काउन्सिल में स्थाई पंजीकृत होना चाहिए।
3. एक से अधिक अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार में प्राप्तांको के आधार पर मेरिट से किया जाएगा।
4. सक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।
5. यह नियुक्तियॉं पूर्णतः अस्थायी है।
6. पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
7. नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन) के पदों हेतु आभ्यर्थियों की आयु सीमा 40 वर्ष तक ही अनुमन्य है।
8. यदि आभ्यर्थी सत्र 2023–24 हेतु किसी अन्य मेडिकल कॉलेज, में एम0सी0आई0 / एन0एम0सी0 के समक्ष उपस्थित हुआ है, तो ऐसी परिस्थिति में वह अभ्यर्थी वॉक–इन–इण्टरव्यू हेतु अर्ह नही है।
9. विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की संख्या स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर (www.asnmcsultanpur.in) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
10. यह रिक्तियॉं प्रथम आगत प्रथम पावत (first come first serve basis) के अनुसार भरी जायेगी।
11. सीटों पर आरक्षण एवं वेतनमान उ0प्र0 शासन के नियमानुसार लागू किया जायेगा।
12. नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन), विभागाध्यक्ष, अस्पताल प्रशासन के अधीन कार्य करेंगे एवं अन्यथा की स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / चिकित्सा अधीक्षक के अधीन कार्यरत रहेंगे।
13. इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक–08.11.2024 को एवं तदोपरान्त प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित हो सकते है, अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का TA/DA देय नही होगा।
14. रिपोर्टिंग समय 12:00 बजे के पश्चात आवेदन पत्र प्राप्त नही किये जायेंगे तथा साक्षात्कार में भी भाग लेने की अनुमति नही दी जायेगी।
15. आवेदन शुल्क रू 1,000 / –(एक हजार रूपये मात्र) का आवेदन शुल्क डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) के रूप में " Principal, Autonomous State Medical College, Sultanpur U.P.-228001 के पक्ष में देय होगा।

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
सुल्तानपुर।

प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
सुलतानपुर